# बिहार विधान परिषद

**(बिहार विधान परिषद् का 194वां बजट सत्र)**

## 02 मार्च 2020

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**17**

----

### यांत्रिक अनुदान

***73 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना)ः**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कृषि उष्मायन केन्द्र के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को कृषि से जोड़ने तथा कृषि आधारित लाभकारी रोजगार पैदा करना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जिसके लिए प्रशिक्षण भी जरूरी है;

(ख) क्या यह सही है कि फिलहाल राज्य के किसानों की हालात बेहद खराब है, जिन्हें कृषि यांत्रिकीकरण योजना का लाभ नहीं मिल सका है और किसान शत- प्रतिशत अनुंदान से भी वंचित हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के प्रत्येक जिले में कृषि उष्मायन केन्द्र स्थापित करने, युवाओं को केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षित करने एवं आय वृद्धि के लिए किसानों को शत- प्रतिशत यांत्रिक अनुदान देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

### सड़क का निर्माण

***74 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक)ः**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है भागलपुर जिश्ला के कहलगॉव अनुमण्डल अंतर्गत सन्हौला प्रखण्ड मुख्यालय से चकनाथू पंचायत/ग्राम तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्मित है जबकि शेष 600 मीटर सड़क निर्माण का कार्य तकनीकी कारणों से लंबित है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंडों 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त बची 600 मीटर सड़क का निर्माण जनहित में कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

*75 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत चगेनमा गॉव के श्री पंचनारायण के घर से लेकर कन्हवां दक्षिणवारी मदरसा तथा खैरवा गॉव के सलेश स्थान से लेकर नोचा गांव तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है जिसके कारण बरसात के दिनों में आवागमन बंद रहता है, यदि हां तो सरकार कबतक उस सड़क का जीर्णोद्धार करेगी ?

----

## बीज ब्रिकी पर रोक

*76 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बीते 5 वर्षों के दौरान राज्य में बीज उत्पादन की मात्रा घटी है, कृषि विभाग के छह प्रसंस्करण संयंत्र क्षमता से कम उत्पादन कर रहे हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल 2,25,470 क्विंटल बीज का उत्पादन हुआ था लेकिन वित्तीय वर्ष 2018-19 में मात्र 1,36,431 क्विंटल बीज का ही उत्पादन हुआ है ;

(ग) क्या यह सही है कि बीज को लेकर बाजार पर बढ़ती निर्भरता के कारण बाजार में बीज बेचने वाली प्राइवेट एजेंसियों ने कालाबाजारी का काम शुरू कर दिया है ;

(घ) क्या यह सही है कि विभाग की ओर से राज्य की 89 ऐसी एजेंसियों को चिन्हित किया गया है, जो लंबे समय से विभाग के निर्देश के बावजूद अपने बीज के नमूनों की जांच नहीं करा रही हैं और किसानों के साथ धोखाधड़ी कर मनमानी तरीके से बीज का व्यवसाय कर रहे हैं ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बीज का उत्पादन बढ़ाने के साथ उक्त 89 एजेंसियों के बीज ब्रिकी पर रोक लगाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पक्का मकान पर विचार

*77 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला के श्री राजेश कुमार पिता स्व. हरिहर प्रसाद ग्राम-मिलकी, पंचायत- अमनार, प्रखंड एकंगरसराय का आवास मिट्टी एवं खपड़ा का है ;

(ख) क्या यह सही है कि एस.ई.सी.सी(SECC) 2011 के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सूची में सर्वेक्षण के उपरांत इनका नाम गृह विहिन परिवारों की सूची में शामिल किया गया है पर ये अब तक पक्का मकान से वंचित हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार श्री राजेश कुमार को खंड 'ख' में वर्णित आदेश के आलोक में इन्हें पक्का मकान देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सडक का निर्माण

*78 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

माननीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिला प्रखंड चकाई पंचायत पोझा ग्राम छछुडीह बिशनपुर पक्की रोड से छछुडीह ग्रामीण सड़क निर्माण नहीं होने से यहां के ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

(ख) क्या यह सही है कि चकाई प्रखंड में इसी तरह कई ग्रामीण सड़क आज तक नहीं बनाया गया है जिस से वहां रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें का सामना करना पड़ता है।

(ग) यदि उपयुक्त खंडों का उत्तर सकारात्मक है तो क्या सरकार बिशनपुर छछुडीह सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों।

----

## पुलिया का निर्माण

*79 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड पंचदवरी में आये बाढ़ से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने से लोहटी, शीतल चौराहा, देवरिया रूपिबगही, नन्दपट्टी ,मुजहां महेशपुर, बातल चौराहा, बनकटिया बाबू जमुनहा तिवारी छपरा, जनता बाजार, चकिया, खाल गांव सहित दर्जनों गांव का सम्पर्क टूटा हुआ है ;

(ग) क्या यह सही है कि पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को 5 कि.मी. घुमकर या जमुनहा बाजार होकर जाना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कबतक करोयगी, यदि नहीं तो कयों ?

----

## योजना का लाभ

*80 **श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण आवास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

क. क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखंड के फुलवड़िया 1, फुलवड़िया 2, फुलवड़िया 3, शोकहारा 1, शोकहारा 2, निपनियाँ मधुरापुर, बारो उत्तरी, बारो दक्षिणी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ नहीं मिल रहा है?

ख. क्या यह सही है कि उपरोक्त पंचायत के गरीब लोगों को विगत चार वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है?

ग. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त योजना का लाभ

प्रश्नागत पंचायतों में देने का विचार रखती है? यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***81 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण(छपरा) जिलान्तर्गत इसवापुर प्रखंड स्थित ग्राम कुमहैला में 100 घरों की घनी आबादी है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस बस्ती के लोगों के आवागमन के लिए कोई रास्ता नहीं है, जो मुख्य सड़क पर जा सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित खंड'ख' की स्थिति में ग्रामीण संपर्क सड़क योजना के तहत कुमहैला से मुख्य मार्ग तक जाने के लिए पथ निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके ?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

***82 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तालाब, कुआं को अतिक्रमण से मुक्त करने की योजना है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बतायेगी कि सारण जिले में कितने चिन्हित तालाबों, कुओं का अतिक्रमण से मुक्त कराकर सौन्दर्यीकरण किया गया है?

----

## टैक्स वसूलने का अधिकार

***83 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायतों को आर्थिक रूप से संपन्न करने की दिशा में ग्राम पंचायतों को क्षेत्राधिकार के तहत 12 प्रकार के टैक्स वसूलने का अधिकार देने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायती राज विभाग द्वारा राज्य के 8386 पंचायतों को टैक्स वसूली की नियमावली तैयार कर ली गयी है, इस नियमावली को वित्त विभाग के पास सहमति के लिए भेजा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि कबतक टैक्स वसूलने का अधिकार ग्राम पंचायतों को देना चाहती है ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

*84 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखण्ड के ग्राम-भदासी(NH-110) से पाली (NH-139) को जोड़ने वाली सड़क अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी लिंक सड़क पर नवोदय विद्यालय आई.टी.आई. एवं पुलिस लाईन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान/विद्यालय स्थित हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त सड़क का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सडक की मरम्मती

*85 **श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की मरूकिया पंचायत में कबीर चौक से दुर्गास्थान होते हुए, अंधराठाढ़ी- खुटौना मुख्य मार्ग में मिलने वाली लिंक सड़क डेढ़ कि.मी. जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने से आवागमन में आम लोगों को

भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराना चाहती है ?

----

## सड़क निर्माण

*86 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखण्ड कार्यालय से अम्बेदकर चौक को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जर्जर हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि लोहिया चौक से मुख्य सड़क बाई पास सड़क में जगह-जगह गड्ढ़े बन गए गए हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि दो किलोमीटर लंबी उक्त सड़क में गड्ढ़े बन जाने के कारण सालों भर जल जमाव से आए दिन दुर्घटना का लोग शिकार होते हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखण्ड कार्यालय से अम्बेदकर चौक को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ,यदि नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*87 **श्री तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर प्रखण्ड के पंचायत- पाण्डेयपट्टी, ग्राम – तुर्कपुरवा इटारी मुख्य मार्ग से हवार्ड स्कूल के सामने से तुर्कपुरवा गांव के मिडिल स्कूल होते हुए मस्जिद तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ का पक्कीकरण नहीं होने से स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित सड़क का पक्कीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क निर्माण

*88 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर-मुजफ्फरपुर में पथ निर्माण कार्य 16 माह पूर्व आरंभ हुआ था परंतु अबतक मात्र 20 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है ;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के शिवहर-नरवारा तक निर्माण कार्य के लिए 6258.73 लाख की राशि स्वीकृति की गई जिसमें निर्माण कार्य एजेंसी को 1580 लाख रुपए का भुगतान भी हो गया परंतु कार्य अधूरा ही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर आम जनता को सुविधा प्रदान करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## सड़क की मरम्मती

*89 **श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के सदर प्रखण्ड, देव प्रखण्ड के साथ विभिन्न प्रखण्डों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित सड़क की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी सड़क के जर्जर होने के कारण सुदूर इलाके से आने-जाने वाली जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विभिन्न प्रखण्डों की सड़क की मरम्मती कबतक तक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----